पेज थ्री देहरादून
देहरादून मंगलवार 29 सितंबर 2020 पेज 8
हमारा दून


भगत सिंह की फोटो पर माल्यार्पण कार्यक्रम करते हुए आप के कार्यकता।

## संक्षिप्त समाचार

### आम आदमी पार्टी ने मनाया शहीद भगत सिंह का जन्मदिवस

**संवाददाता** देहरूदन। शहीदे आजम भगत सिंह की जयंती पर आम आदमी पार्टी के कैंट विधानसभा कार्यालय में उनकी फोटो पर फूल माला अर्पण कर याद किया गया। इस अवसर पर कैंट विधानसभा प्रभारी एवं प्रदेश प्रवक्ता रविन्द्र सिंह आनन्द ने कहा भगत सिंह का नाम इस दुनिया में अमर है और रहेगा जब जब कोई देशभक्ति की बात करेगा तब तक भगत सिंह का नाम बड़े आदर के साथ लिया जाएगा। वह भी सरदार भगत सिंह से बहुत प्रेरित हैं और यदि देशहित और उत्तराखंड देव भूमि के हित में उन्हें कितने भी आंदोलन प्रदर्शन करने पड़े तो वह करेंगे देश व प्रदेश के लिए वह अपने प्राणों की बाजी भी लगा देंगे।

### तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग को कार्रवाई के निर्देश

**संवाददाता** देहरादून। जन संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष एवं जीएमवीएन के पूर्व उपाध्यक्ष रघुनाथ सिंह नेगी ने अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर राधा रतूड़ी ने तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग को कार्रवाई के निर्देश दिए है। नेगी ने कहा कि दिसंबर 2016 में सरकार द्वारा प्रदेश के कर्मचारियों हेतु पॉलिटेक्निक संस्थानों में पार्ट टाइम डिप्लोमा पाठ्यक्रम संचालित किए जाने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन 4 साल बीतने को हैं, आज तक पाठ्यक्रम शुरू नहीं हो पाया।

### यूकेडी महानगर महिला प्रकोष्ठ कार्यकारिणी की पहली सूची जारी

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड क्रान्ति दल महानगर ईकाई देहरादून की महानगर महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष किरन रावत कश्यप ने महानगर महिला प्रकोष्ठ की कार्यकारिणी की प्रथम सूची जारी करते हुए कहा कि देहरादून के सौ वार्डो में महिला प्रकोष्ठ संगठन को मजबूती प्रदान की जायेगी और इसके लिए सभी को आगे आना होगा।

### फोर्ड इंडिया ने डोरस्टेप सर्विस के साथ सुनिश्चित की ग्राहकों की सुविधा व सुरक्षा

**संवाददाता** देहरादून। ग्राहकों की सुविधा व सुरक्षा की अपेक्षाएं बढ़ाते हुए, फोर्ड इंडिया ने डोरस्टेप सर्विस प्रस्तुत की है। इस सेवा द्वारा ग्राहक अपने फोर्ड वाहन की सर्विसिंग बिना कोई अतिरिक्त शुल्क दिए अपनी पसंद की जगह, यानि अपने घर या फिर अपने ऑफिस में करा सकेंगे। यह नई सुविधा डायल–ए–फोर्ड के तहत फोर्ड के ग्राहक–केंद्रित अभियानों का विस्तार करती है, जिनके तहत ग्राहकों की सेल्स व सर्विस संबंधी सभी समस्याओं का निराकरण एक ही हैल्पलाईन द्वारा किया जाता है।

# सभी विभाग रिफॉर्म्स को निर्धारित समय में पूरा करें

**बैठक**

■जीएसडीपी का 2 प्रतिशत अतिरिक्त ऋण सुविधा प्राप्त किए जाने के संबंध में बैठक

■मुख्य सचिव ने फॉरेस्ट लैंड सेटलमेंट ऑफिसर नियुक्त किए जाने के दिए निर्देश

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्य सचिव ओम प्रकाश की अध्यक्षता में सोमवार को सचिवालय स्थित वीर चन्द्र सिंह गढ़वाली सभागार में जीएसडीपी का 2 प्रतिशत अतिरिक्त ऋण सुविधा प्राप्त किए जाने के संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में अवगत कराया गया कि भारत सरकार के वित्त मंत्रालय द्वारा निर्धारित 04 क्षेत्रों में सुधार करने पर उत्तराखण्ड को राज्य की कुल जीएसडीपी का 2 प्रतिशत लगभग रू0 4600 करोड़ अतिरिक्त ऋण सुविधा प्राप्त की जा सकती है। इसके लिए राज्य को ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के अंतर्गत जिला स्तर के बिजनेस रिफॉर्म, नवीनीकरण की प्रक्रिया को पारदर्शी बनाया जाना अथवा समाप्त किया जाना, वन नेशन वन राशन कार्ड, शहरी निकायों के सुदृढ़ीकरण से संबंधित रिफॉर्म्स तथा पावर सेक्टर से संबंधित रिफॉर्म्स दिसम्बर 2020 तक करने हैं।



**एक्शन प्लान के अनुसार प्रगति की लगातार समीक्षा भी की जाए**

मुख्य सचिव ओम प्रकाश द्वारा निर्देश दिए गए कि सभी विभाग अपने विभागों से संबंधित रिफॉर्म्स को निर्धारित समय में पूरा करें। सभी कार्यों को समय से पूरा किया जा सके इसके लिए ठोस एक्शन प्लान तैयार किया जाए। उन्होंने कहा कि एक्शन प्लान के अनुसार प्रगति की लगातार समीक्षा भी की जाए। उन्होंने प्रत्येक जनपद में फॉरेस्ट लैंड सेटलमेंट ऑफिसर नियुक्त किए जाने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि इससे फॉरेस्ट लैंड के मामलों के निस्तारण में तेजी आएगी। उन्होंने रजिस्ट्री के बाद होने वाले म्यूटेशन (दाखिल–खारिज) में हो रही देरी पर नाराजगी व्यक्त करते हुए इसमें तेजी लाने के भी निर्देश दिए।

**सभी विभागों को अपने स्तर पर रिफर्म्स की महनिटरिंग करें:**

मुख्य सचिव ने सभी विभागों को अपने स्तर पर रिफॉर्म्स की मॉनिटरिंग करें तथा मुख्य सचिव कार्यालय एवं अपर मुख्य सचिव, सूक्ष्म लघु मध्यम उद्यम को इस संबंध में निरंतर प्रगति से अवगत कराए जाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने सभी विभागों को समय सीमा निर्धारित किए जाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि भारत सरकार द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार समय सीमा के अंतर्गत अनुपालन पूर्ण कर भारत सरकार को प्रेषित कर दिये जायें, ताकि जीएसडीपी के सापेक्ष 2 प्रतिशत अतिरिक्त धनराशि की उपयोगिता हेतु राज्य को पर्याप्त समय मिल सके।

बैठक में अपर मुख्य सचिव श्रीमती मनीषा पंवार ने अवगत कराया कि सभी विभागाध्यक्ष टाईमलाईन के अन्तर्गत रिफार्म के कार्यो को पूरा कर लें ताकि राज्य को प्राप्त होने वाला 02 प्रतिशत अतिरिक्त ऋण सुविधा प्राप्त हो सके। बैठक में सचिव नितेश झा, श्रीमती राधिका झा, दिलीप जावलकर, श्रीमती सौजन्या एवं हरवंश सिंह चुघ सहित सम्बन्धित विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

### सभी जनपदों में वर्कशॉप आयोजित करने के निर्देश

मुख्य सचिव ने कहा कि वन नेशन वन राशन कार्ड योजना के अंतर्गत कार्य में तीव्रता लाते हुए आधार सीडिंग का कार्य 20 अक्टूबर तक पूर्ण कर लिया जाए। बताया गया कि वर्तमान में लगभग 98 प्रतिशत राशन कार्डो की आधार सीडिंग की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में प्ले स्कूल, हॉस्टल की स्थापना, सीबीएसई हेतु एनओसी एवं शिक्षा के अधिकार के तहत स्कूलों के रजिस्ट्रेशन हेतु ऑनलाईन पॉर्टल कार्य में तेजी लायी जाए। उन्होंने अधिकारियों/कर्मचारियों को इन सभी विषयों में तेजी लाने हेतु सभी जनपदों में वर्कशॉप आयोजित करने के निर्देश दिए।

# संतों के आश्रम का पंजीकरण कमर्शियल किए जाने पर आपत्ति दर्ज की

**आश्वासन**

■ मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र रावत ने हरिद्वार के प्रमुख संतों ने भेंट की

देहरादून। **संवाददाता**

मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र रावत से मुख्यमंत्री आवास में श्री पंच दशनाम जूना अखाड़ा के वरिष्ठ महामंडलेश्वर स्वामी यतीन्द्रानन्द गिरि जी महाराज के नेतृत्व में हरिद्वार के प्रमुख संतों ने भेंट की। भेंट करने वाले संतों में निर्मल आश्रम के श्री महंत जसजीत जी, गरीबदास जी, महंत आनंद, वाल्मीकि समाज के संत श्री महंत मान दास जी महाराज, वैष्णव अखाड़े से श्री महंत दुर्गा दास जी महाराज एवं नगर के प्रसिद्ध एडवोकेट श्रेयस अग्रवाल थे।



संतो ने हरिद्वार नगर में संतों के आश्रम का पंजीकरण कमर्शियल किए जाने पर अपनी आपत्ति दर्ज की। बिजली के बिल भी कमर्शियल आने पर मुख्यमंत्री जी से अपनी बात रखी। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र ने संतो को आश्वासन दिया और तुरंत कार्रवाई का निर्देश भी दिया। संतों ने कहा आगामी कुंभ में जिस प्रकार की भी व्यवस्था और परिस्थिति होगी, सन्त सरकार का भरपूर सहयोग करेंगे। कुंभ हमारी प्राचीन परंपरा है किंतु कोरोना महामारी के चलते हुए जैसी भी स्थिति होगी उसी प्रकार से सभी संत और अखाड़े सरकार का सहयोग करेंगे। महामंडलेश्वर स्वामी यतीन्द्रानन्द गिरी जी ने केदारनाथ मॉडल पर ही बद्रीनाथ गंगोत्री एवं यमुनोत्री धाम के विकास हेतु प्रयासरत मुख्यमंत्री की प्रशंसा की।

मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र ने कहा कि देवस्थानम बोर्ड के तहत स्थानीय पुरोहित समाज के हितों का पूरा ध्यान रखा गया है। सभी संतो ने मुख्यमंत्री जी को स्वस्थ और दीर्घायु होने का आशीर्वाद दिया।

### सभी जिलों को कुल 100 करोड़ रुपए की धनराशि अवमुक्त

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत के निर्देश पर जिला योजना के लिए सभी जिलों को कुल 100 करोड़ रूपए की धनराशि अवमुक्त की जा रही है। वर्तमान वित्तीय वर्ष 2020–21 में जिला योजना के लिए प्राविधानित 665 करोड़ 50 लाख रूपए के सापेक्ष 350 करोड़ रूपए की धनराशि पहले ही अवमुक्त की जा चुकी है। अब 100 करोड़ रूपए और अवमुक्त किए जाने पर मुख्यमंत्री ने अनुमोदन किया है। इन 100 करोड़ रूपए में से जनपद नैनीताल हेतु 7 करोड़ 2 लाख 20 हजार 160 रूपये, ऊधमसिंह नगर हेतु 07 करोड़ 42 लाख 18 हजार 140 रूपये, अल्मोड़ा हेतु 07 करोड़ 47 लाख 74 हजार 250 रूपये, पिथौरागढ़ हेतु 07 करोड़ 17 लाख 98 हजार 10 रूपये, बागेश्वर हेतु 05 करोड़ 96 लाख 54 हजार 70 रूपये, चम्पावत हेतु 05 करोड़ 83 लाख 76 हजार 520 रूपये, दून हेतु 09 करोड़ 94 लाख 98 हजार 200 रूपये, पौड़ी हेतु 11 करोड़ 98 लाख 84 हजार 490 रूपये की राशि शामिल है।

In a Digital World Why
To wait for a Howker
Visit Us at http://app.page3news.co.in
Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+



Scan This Code
Read News
Watch News Channel

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिर्टस,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ.-राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादक: प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालय:
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
फैक्स नं०-
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।